Details of the Cases of Power Theft

***42 Ch. MAMMAN KHAN (Ferozepur Jhirka):**

Will the Energy Minister be pleased to state:-

a) the constituency wise number / details of the cases of power theft caught by the Government in district Nuh from 1st April, 2019 till to date;

b) the copy of LL-1 checking report alongwith calculation sheet of every theft case mentioned above;

c) whether the above mentioned LL-1 checking reports and calculation sheets have been made according to the Government sale circular no. D-21/2017 and D-43/2017; if not, the action taken by the Government against the delinquent/erring officials/officers;

d) the amount collected from the abovesaid theft cases in rural areas and urban areas of district Nuh separately; and

e) whether the Government will refund the collected amount, which has been incorrectly calculated in the abovesaid LL-1 checking reports and calculation sheets; if so, the time by which the said amount is likely to be refunded; if not, the reasons therefor?

RANJIT SINGH, ENERGY MINISTER

Sir,

a) No. of theft cases caught during the period from 1st April, 2019 to 31st July, 2023 in Nuh, Punhana, Firozpur Zhirka, Hathin and Sohna constituencies of Nuh District are 2799, 3535, 4182, 23 (being partial area in Nuh district) and 2177 respectively.

b) The information sought is too voluminous and comes to about 20,000 pages. No useful purpose will be served by giving this voluminous data.

c) As a matter of rule, calculation sheets are prepared as per Sales Circular No. D-21/2017. However, as per provision of Sales Circular No. D-43/2017, any consumer aggrieved upon the decision of assessing authority may file appeal before appellate authority.

d) Amounts of Rs. 895.59 Lacs and Rs. 413.24 Lacs have been collected from the rural and urban areas respectively of Nuh District.

e) Wherever, discrepancies are found in calculation sheet, amount will be refunded. Secondly similar action will be taken after examination of representation if any received in this regard from affected consumer / person. The exercise will be completed within six months.

बिजली चोरी के मामलों का ब्यौरा

***42 चौ. मामन खान (फिरोजपुर झिरका):**

क्या ऊर्जा मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) जिला नूंह में 1 अप्रैल, 2019 से आज तक सरकार द्वारा पकड़े गए बिजली चोरी के मामलों की निर्वाचनक्षेत्र वार संख्या /ब्यौरा क्या है;

(ख) एल.एल.-1 जांच रिपोर्ट की प्रति तथा ऊपर वर्णित प्रत्येक चोरी के मामले का परिकलन पत्र उपलब्ध कराया जाए;

(ग) क्या ऊपर वर्णित एल.एल.-1 जांच रिपोर्टों तथा परिकलन पत्रों को सरकार विक्रय/ बिक्री परिपत्र संख्या डी-21/2017 तथा डी-43/2017 के अनुसार बनाया गया है; यदि नहीं, तो सरकार द्वारा दोषी/गलती करने वाले कर्मचारियों /अधिकारियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई है;

(घ) जिला नूंह के ग्रामीण क्षेत्रों तथा शहरी क्षेत्रों से उपरोक्त चोरी के मामलों में पृथक-पृथक कितनी राशि एकत्रित की गई है; तथा

(ड) क्या सरकार एकत्रित राशि को वापिस करेगी जिसकी गलत गणना उपरोक्त एल.एल.-1 जांच रिपोर्टों तथा परिकलन पत्रकों में की गई है; यदि हां, तो उक्त राशि के कब तक वापस किए जाने की संभावना है; यदि नहीं, तो उसके कारण क्या हैं?

रणजीत सिंह, ऊर्जा मंत्री

श्रीमान जी,

क) जिला नूंह के नूंह, पुन्हाना, फिरोजपुर झिरका, हथीन और सोहना निर्वाचन क्षेत्रों में 1 अप्रैल, 2019 से 31 जुलाई, 2023 तक पकड़े गए चोरी के मामलों की संख्या क्रमशः 2799, 3535, 4182, 23 (जिला नूंह में आंशिक क्षेत्र होने के कारण) और 2177 है।

ख) मांगी गई जानकारी बहुत विस्तृत है और लगभग 20 हजार पृष्ठों की है। इतना विस्तृत डाटा देने से कोई उपयोगी उद्देश्य पूरा नहीं होगा।

ग) नियमानुसार, गणना शीट सेल्ज परिपत्र संख्या डी-21/2017 के अनुसार तैयार की जाती हैं। हालांकि, सेल्ज परिपत्र संख्या डी-43/2017 के प्रावधान के अनुसार, आकलन प्राधिकारी के निर्णय से असंतुष्ट कोई भी उपभोक्ता अपीलकर्ता प्राधिकारी के समक्ष अपील दायर कर सकता है।

घ) जिला नूंह के ग्रामीण क्षेत्र और शहरी क्षेत्र से क्रमश: 895.59 लाख रुपये और 413.24 लाख रुपये की राशि एकत्र की गई है।

ड) जहां भी गणना शीट में विसंगतियां पाई जाएंगी, तो राशि वापिस कर दी जाएगी। इसके अलावा यदि प्रभावित उपभोक्ता/व्यक्ति से इस संबंध में कोई अभ्यावेदन प्राप्त होता है, तो जांच के बाद इसी तरह के कार्रवाई की जाएगी। यह कार्य छह महीने के भीतर पूरा कर लिया जाएगा।